एक नजर में

जनसुनवाई में आए 105 आवेदनों पर हुई सुनवाई

रतलाम । मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर राजेश बाथम ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निराकरण करवाया एवं शेष आवेदनों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को समयसीमा दी गई। जनसुनवाई में कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। तहसील आलोट के ग्राम माल्या निवासी रवि आंजना ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री बाथम से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। रवि ने अपने आवेदन में बताया कि प्रार्थी ने अपनी 4 बीघा कृशि भूमि पर संतरे के पौधे लगा रखे थे। प्रार्थी के पडौसी कृषक द्वारा विगत 14 अप्रैल को दिन में बिना किसी को बताए अपने खेत में पराली को जला दिया जिससे प्रार्थी के खेत में लगे फलदार पौधे जलकर नष्ट होने से काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। इस सम्बन्ध में पडौसी कृशक से बात की गई तो वह अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लडाई झगडे पर उतारु हो गया। घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने पर भी की गई परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आवेदन निराकरण के लिए एसडीएम आलोट को भेजा गया है। तेजा नगर निवासी नीरज गोयल ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन दिया कि तेजानगर कालोनी ब्लाक नं. 2 में स्थित नाले के मुख्य प्रवाह मार्ग के मध्य दीवार का निर्माण कर उसमें स्लेब डालकर अनेक भवनों का निर्माण कर लिया गया है, जिससे नाले की स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक हो गई है और नाला पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। जलभराव के कारण दुर्गंध और गंदगी फैल रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा वैकल्पिक सफाई कार्य भी किया गया है किन्तु समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। नाले की सफाई करवाकर क्षेत्रवासियों की समस्या को हल किया जाए। कलेक्टर श्री बाथम ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि 15 दिवस में कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। वार्ड क्रमांक 36 डा. देवीसिंह कालोनी के नागरिकों द्वारा संयुक्त रुप से दिए गए आवेदन में बताया गया कि कालोनी में पेयजल पाईप लाईन फूट गई है जिससे नाली का पानी उसमें मिल रहा है और पीने के पानी में काफी बदबू आ रही है। इस समस्या से नगर निगम को भी अवगत कराया गया है परन्तु कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है। आवेदन निराकरण के लिए निगम आयुक्त को भेजा गया। गायत्री बचत साख समूह योजना अध्यक्ष अन्नपूर्णा कुंवर ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर बताया कि समूह द्वारा आदेश अनुसार विद्यार्थियों की गणवेश जिला शहरी विकास अभिकरण में पदस्थ नोडल अधिकारी को जमा की जा चुकी है। उक्त गणवेश के सम्बन्ध में 25 प्रतिशत राशि आज तक उक्त नोडल अधिकारी द्वारा नहीं दी गई है और गत 8-9 माह की समूह की राशि आज तक नहीं गई। उक्त गणवेश बनाकर स्कूल में जमा की गई है, उसकी पोर्टल पर एंट्री दिखाई जा रही है। उक्त राशि का भुगतान करवाने की कृपा करें। आवेदन निराकरण के लिए पीओ डूडा को भेजा गया।

डोडा चूरा के साथ आरोपी और 2 वाहन जब्त

जीरन। मुखबिर की सुचना पर से आरोपी रिछपाल पिता मदनलाल जाति विश्नोई उम्र 25 साल निवासी ग्राम चावण्डिया थाना पांचोडी जिला नागोर राजस्थान के कब्जे वाली पिकअप वाहन क्र आरजे 14 जीजे 2250 में से 340 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व पायलेटिंग वाहन अल्टो कार एमपी 44 सीए 2625 जप्त कर आरोपी रिछपाल पिता मदनलाल जाति विश्नोई उम्र 25 साल निवासी ग्राम चावण्डिया थाना पांचोडी जिला नागोर राजस्थान से जप्तशुदा डोडाचुरा कहा से लाने ले जाने बाबत पुछताछ कर फरार आरोपी राहुल मीणा निवासी हरवार व सत्यनारायण पिता बाबुलाल जाट निवासी हरवार गिरफ्तार शुदा आरोपी रिछपाल थाना जीरन पर अपराध क्र 130/25 धारा 8/15 .29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

गरोठ क्षेत्र के 4 किसानों से नरवाई जलाने पर 17 हजार 500 रुपए का अर्थ दंड वसूल किया

मंदसौर। मध?यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 1981 की धारा 19 (5) के तहत गेंहू/धान अवशेषों को खेतों मे ही जलाये जाने पर प्रतिबंधित किया गया है। जो भो ०?यक्ति/संस?था यदि ऐसा करते पाए जाते है तो उसे माननीय नेशनल ग्रीन ट्रि०?यूनल के निर्देशानुसार पर्यावरण मुआवजा अदा करना होगा। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा गरोठ क्षेत्र के 4 किसानों से गेहूं फसल की खेतों में नरवाई/ पराली जलाने पर 17 हजार 500 रुपए का अर्थ दंड वसूल किया गया। जिसमें निवासी पिपल्याजत्ति के रामसिंह पर 5 हजार, निवासी रूपरा कारूलाल पर 5 हजार, निवासी गांधीसागर पारसमल पर 2 हजार 500, निवासी कुरावन कमलेश पर 5 हजार रुपए की राशि का आर्थिक द?ड अधिरोपित किया गया है।

बढ़ती गर्मी को देख खाद्य विभाग सक्रिय

खेतिया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर गुंजा सनोबर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर नमूने संग्रहण के साथ-साथ विक्रय व संग्रहण हेतु आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश व प्रशिक्षण दिया। खाद्य अधिकारी ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण के साथ सड़क पर लॉरी लगा रहे फल विक्रेताओं, पानी पूरी व साबूदाना बड़े की दुकानों पर भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति रावत एवं वीएस मोरी खेतिया पहुंचे व खाद्य संग्रहन व निरीक्षण करते हुए स्ट्रीट फूड वेंडरों को खाद्य सामग्री की खरीदी व उपभोग के समय बरती जाने वाली सावधानी को लेकर समझाया। खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से पहले एक्सपायरी डेट चेक करने, ढक कर रखने हेतु प्रशिक्षण दिया। वहीं बुरहानी ट्रेडर्स से छाछ, नींबू पानी, स्टिंग गोल्ड, चारभुजा स्वीट व कोल्डड्रिंक से सोडा नींबू सोडा चार्जेट कार्बोनेट वाटर, नागनाथ रेस्टोरेंट से कॉर्न फ्लोर, टोमेटो सॉस, ग्रीन चिली सॉस व मैदा तथा जय बजरंग पान सेंटर से छाछ, फ्रुट ड्रिंक्स के नमूने संग्रहित किए। जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट के अनुरूप ही कार्रवाई हो सकेगी। वीएस मोरी व कीर्ति रावत ने बताया कि यह अभियान सतत चलाया जा रहा है। वहीं बढ़ती गर्मी को देखकर खाद्य पदार्थों को संग्रहित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए है।

राज्य आनंद संस्थान के आह्वान पर की गतिविधियां

बड़वानी। राज्य आनंद संस्थान के आह्वान पर आशादीप आनंद क्लब आशाग्राम व शिवकुंज योगा ग्रुप द्वारा कलेक्टर एवं आशाग्राम ट्रस्ट अध्यक्ष गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन तथा एसडीएम भूपेंद्र रावत के संयोजन में अंतर्राष्ट्रीय मातृभूमि दिवस पर 22 अप्रैल को पर्यावरणीय पाठशाला में मानव खुशहाली में स्वच्छ पर्यावरण की भूमिका विषय पर आनंद गतिविधियां की गई। ग्रुप ने शिवकुंज पर बने सेव द अर्थ स्टैचू के समक्ष मानव श्रृंखला बनाकर पृथ्वी के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। आशादीप आनंद क्लब आशाग्राम के साथ श्रमदान कर ओपन लॉन से खरपतवार निकाली। वहीं कचरा पन्नी एकत्रित स्वच्छता का संदेश दिया। आनंद विभाग के जिला प्रशिक्षक अनिल जोशी के समन्वय में सामूहिक संकल्प लेकर वसुंधरा को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए श्रमदान एवं पौधारोपण जैसी गतिविधियां निरंतर जारी रखने की शपथ ली।

जल संवर्धन और संरक्षण ही जल समस्या से निपटने का विकल्प

रतलाम । जल जीवन मिशन अंतर्गत बाजना विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपलीपाड़ा के ग्राम कालियाकुंडली में पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर पीएचई विभाग के जिला जल सलाहकार आनंद व्यास एवं ग्रामवासियों के मध्य जल व्यवस्थाओं को लेकर एवं नलजल योजना के सुचारू संचालन संधारण जलकर राशि पंचायत एवं समिति के दायित्व पर चर्चा की गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल के महत्व को समझाया। श्री व्यास ने बताया कि जल समस्या से निपटने के लिए जल संरक्षण व संवर्धन ही विकल्प है। साथ ही जन जागरूकता के लिए सभी को प्रेरित किया एवं सभी इस अभियान में भागीदार बने एवं अपने क्षेत्र में वर्षा जल को संगृहीत करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करे, तालाबों का गहरीकरण कुओं बावड़ी की सफाई और जल को बचाने के लिए शपथ ली।

आवारा कुत्तों पर संग्राम, कांग्रेसी से छीना डाग का मुखौटा!

नवभारत न्यूज

खंडवा। स्ट्रीट डॉग और डॉग लवर पर कलेक्ट्रेट में हंगामा हो गया। आवारा कुत्तों को शहरी क्षेत्र से बाहर करने प्रतिपक्ष नेता मुल्लू राठौर और पार्षद शब्बीर कादरी जनसुनवाई में पहुंचे।

मुल्लू राठौर डॉग का मुखौटा लेकर जा रहे थे। कलेक्ट्रेट में घुसते ही उनसे यह मुखौटा छीन लिया गया। इसका उन्होंने विरोध भी नहीं किया। कलेक्टर को उन्होंने बताया कि लगातार डॉग बाइट के केसेस बढ़ रहे हैं। गरीब तबके के लोग ज्यादा परेशान हैं। रात में निकलने वाले वालों पर कुत्ते भोंकते हैं। मौका पाते ही काट भी लेते हैं। नगर निगम का घेराव करो तो वह कुत्तों का बधियाकरण वाले आंकड़े गिनाने लगते हैं।

सही हल खोजा जाए

पार्षद कादरी ने इसका भी विरोध किया कि ये सब आंकड़े सही हैं, वे कैसे मान लें? भारी अनियमितताएं हो रही हैं;क्योंकि कुत्तों के काटने वाले के मामले लगातार बढ़ रहे हैं! कुत्तों को बधियाकरण के बाद वहीं छोड़ दिया जाता है। वे और आक्रामक हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में स्थाई हल नहीं निकल पा रहा है।

डॉग प्रेमियों से की अपील

उन्होंने साफ कहा कि जानवर प्रेमी भी इस मामले में सहयोग प्रदान करें। शहर में आवारा जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे लोगों को चाहिए कि वह आवारा कुत्तों की देखभाल करें। उन्हें भोजन और पानी की व्यवस्था करें। कुल मिलाकर 5 दिन पहले भी कांग्रेस ने कलेक्टर को आवारा कुत्तों से संबंधित मामले को लेकर आवेदन दिया था। इस आवेदन को नगर निगम तक पहुंचाना था,लेकिन कलेक्टर ने आवेदन ही नहीं लिया था। बाद में नाराज कांग्रेसी लौट गए थे।

इसके बाद ही खानशाह वली क्षेत्र में 14 लोगों को आवारा कुत्ते निशाना बना चुके थे। अब कलेक्टर को साफ कहा गया है कि गंभीरता से इस मामले को नगर निगम की ओर अग्रेषित करें,ताकि बड़ी कार्रवाई हो सके।

बीपी, शुगर जैसी जाँच के लिए भी तरस गए मरीज

एनएमएस स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल का असर

नवभारत न्यूज

खंडवा। प्रदेश के एनएमएस कर्मचारियों के साथ खंडवा जिले के कर्मचारी भी हड़ताल पर बैठ गए। वे आक्रोशित दिखे। उन्होंने 22 अप्रैल से अनिश्चित हडताल भी की। कर्मियों ने कहा कि पिछले सीएम शिवराजसिंह चौहान ने नियमितीकरण के लिए कहा था। इस सरकार ने ऐसा नहीं किया।

खंडवा जिले में आम जन को टीकाकरण की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकी। गर्भवती महिलाओं की प्रसच पूर्व जांचें प्रभावित हुईं। एनआरसी व एसएनसीयू का कार्य प्रभावित रहा। मरीजों के बीपी, शुगर की जांच नहीं हो सकी। मरीज व वृद्धजन परेशान होते दिखे।

सरकारी वादाखिलाफी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा नीति 2023 का पूर्ण रूप से लाभ व प्रदान करते हुए कर्मचारियों की सुविधा में कटौती कर सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की अव्हेलना कर कर्मचारियों के साथ बादा खिलाफी की गई है। प्रदेश के 32 हजार एनएमएम कर्मचारी चरणबद्ध आदोलन कर रहे हैं।

कल से क्या करेंगे?

23 अप्रैल को कर्मचारियों द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से वादा निभाओ सरकार में एक फार्मेट पर सीएम के नाम से प्रेषित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा महापंचायत का पोस्टर लगाकर वीडियो प्राजेक्टर के माध्यम से पंडाल पर प्रदर्शित करेंगे। 24 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ करेंगे। 25 अप्रैल को जिले के जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक) के निवास कार्यालय पर पहुंचकर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।

26 अप्रैल को पंडाल में सभी लोग घर से थाली लाकर पंडाल में बजाकर सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। 27 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल होगी।

टीबी, मलेरिया भी नहीं जांचा

टीबी, व मलेरिया की जांचे नहीं हुई। प्रदेश भर में स्वास्थ्य शिविरों एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम व रिपोटिंग पर हड़ताल का असर दिखा। पदाधिकारियों ने बताया कि जब तक पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुसार व सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संविदा नीति 2023 के अनुरूप कर्मचारियों को लाभ प्रदान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

कलेक्टर न सुनी समस्याएं और निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

खंडवा । शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर के.आर.बड़ोले, अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। जनसुनवाई में दयाराम, गणेश एवं हरिराम सभी निवासी ग्राम पालसूदमाल द्वारा आवेदन देकर बताया कि ग्राम के ही अन्य व्यक्ति द्वारा संयुक्त खाते की निजी जमीन पर बलपूर्वक कब्जा कर भवन का अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने मूंदी तहसीलदार को मौके पर जाकर जांच कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सूरज सिंह निवासी ग्राम बड़ियासकना द्वारा आवेदन देकर बताया कि ग्राम के अन्य व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक सड़क पर गंदगी ठोस अपशिष्ट एवं कचरा फेंकने के कारण उत्पन्न गंदगी से मुक्ति दिलाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत छैगांवमाखन को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत भंडारिया के ग्राम वासियों द्वारा ग्राम में अवैध रूप से शराब बिकने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर द्वारा आबकारी अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कड़वा पिता नवल निवासी ग्राम फिफरी द्वारा जमीन का सीमांकन करने एवं कब्जा दिलाने की मांग की गई, जिस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार पुनासा को आवेदन लेकर सीमांकन कर विधिवत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदक मनीष वर्मा ने खाटू श्याम मंदिर खंडवा के पास से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की.

प्रभारी मंत्री ने पेयजल प्रबंधन को लेकर नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाए,अभियान से स्थानीय जन प्रतिनिधियों,समाजसेवियो, प्रमुख गणमान्य नागरिकों,सभी को जोड़े। जल गंगा संवर्धन अभियान शासन का महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें सभी की सहभागिता अति.आवश्यक है।

विदित है कि जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये किए जिन डेमों में सुधार एवं मरम्मत की आवश्कता हैं,उन्हें शीघ्र ठीक कराए। बारिश के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत विकासखंड खकनार के तहत पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना, बुरहानपुर विकासखंड के तहत भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना एवं बख्खारी तालाब इत्यादि के कार्य निर्माणाधीन है। आने वाले समय में क्षेत्र में सिंचाई सुविधा में वृद्धि होगी।

पेयजल प्रबंधन के संबंध में दिये निर्देश :-प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सख्त निर्देश दिये है किए जिले में पेयजल संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई हो, ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आगामी माहों में पेयजल के लिए समुचित व्यवस्थाएं रहें। उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये है। पशुओं के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए।

कार्ययोजना को लेकर चर्चा : - प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कलेक्टर हर्ष सिंह से जल गंगा संवर्धन अभियान की आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा भी की। कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि जिले की शांति भंग करने वालेए अवैध शराब, अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही करें।

यह रहे उपस्थित :- बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, मनोज माने, जिला पंचायत सीईओ सुश्री तला शरणागत,अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान,एसडीएम श्रीमति पल्लवी पुराणिक, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री मंडलोई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान : तालाबों का किया जा रहा गहरीकरण व सफाई कार्य

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा तालाब नहर का गहरीकरण किया जा रहा है, ताकि वर्षा के जल का संचयन किया जा सके। गहरीकरण के साथ.साथ झाड़ियोंए उगी घासों को भी हटाया जा रहा है। तालाब नहर में गहरीकरण होने से जल भराव होने पर भू.जलस्तर में भी वृद्धि होगी। भू.जलस्तर में वृद्धि होने पर क्षेत्र में संपन्नता आयेगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभाग द्वारा गोराडिया तालाबए बोरबन तालाब नहर के गहरीकरण का कार्य किया गया।

पानी नहीं मिलने पर राष्ट्रपति से माँगी मौत

खंडवा। शहर की एक महिला ने राष्ट्रपति से अजीब मांग कर दी। कलेक्टर के मार्फत जनसुनवाई में कहा है कि उनकी जीने की इच्छा खत्म हो गई है। सम्मान से जीवन जीने का सबको अधिकार है।

पानी मांगा तो उन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। इससे वे व्यथित और दुखी हैं। टैगोर कालोनी की अनीता धोतरे ने कहा है कि कई सालों से हमारे शहर में पानी का निजीकरण विश्वा कंपनी को कर दिया है। 200 बार पाइप लाइन फूट चुकी है। शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हम लोग प्रशासनिक और हर स्तर पर गुहार लगा चुके हैं। संविधान के अनु. 21 के अन्तर्गत पानी जीवन का अधिकार है। शुद्ध पेयजल नहीं दिया जा सकता, तो उन्होंने इच्छामृत्यु की इजाजत मांगी है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई, तीन संस्थानों से लिए सेम्पल

नवभारत न्यूज

मंदसौर। जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मंदसौर नगर के तीन संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया एवं सेम्पल जब्त किये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते कलेक्टर के निर्देश पर दिनांक 22 अप्रैल 2025 मंगलवार को मंदसौर नगर के श्री नानक दूध डेयरी, शुक्ला चौक से घी, कान्हा की छाछ संजीत रोड से छाछ और गुरूकृपा रेस्टोरेन्ट रेवास देवड़ा से गेहूं का आटे के नमुने लिये गये।

जो जांच वास्ते राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये। जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही की जायेंगी। सभी संचालकों को उचित साफ - सफाई के साथ व्यवसाय करने के निर्देश दिये गये। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मिल्क उत्पादों का उचित डीप फ्रीज में रख कर व्यवसाय करने के निर्देश दिये गये है। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

अग्निकांड | सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया

सिनेमाचौक चौपाटी में आग, मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज

खंडवा। रसोई गैस सिलेंडर लीकेज होने से बीच बाजार के सिनेमा चौक चौपाटी में आग लग गई। क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

घटना मंगलवार शहर के सिनेमा चौक स्थित चौपाटी की है। यहां कचौरी-छोले के ठेले वाले ने भट्टी जलाई, तब सिलेंडर में लीकेज की वजह से आग लग गयी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।